सड़क हादसा

**तहसीलदार की मौजूदगी में चौकी प्रभारी ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया**

# पत्नी का शव बरामद, सुनार नदी में गिरी थी कार




**नवभारत,दमोह.देहात थाना की नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में बेकाबू कार गिर जाने पर पति-पत्नी में पति को तत्काल निकाल कर दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे. जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है.** वहीं महिला का बुधवार सुबह शव बरामद हो जाने पर तहसीलदार वृंदेश पांडे की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि मृतिका श्रीमती सपना पति अमित उर्फ सुनील उम्र 25 वर्ष निवासी चौनपुरा हाल का मर्ग कायम कर जांच में लिया है.वहीं मृतिका के मायके पक्ष वालों ने हत्या करने के आरोप लगाए हैं, जहां पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### पुलिस-प्रशासन ने तत्परता दिखाई

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने तत्परता दिखाते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, वहां घटना स्थल पहुंचकर तत्परता बरते.जहां मौके पर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, तहसीलदार, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल और एसडीआरएफटीम प्रभारी प्राची दुबे ने टीम के मौके पर पहुंचकर मानवीय सहायता की.

### संकट की घड़ी में सीमेंट फैक्ट्री ने निभाई सहभागिता

नरसिंहगढ़ मंगलवार को नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में हुए कार हादसे पर जहां जिला मुख्यालय से मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंचा .तो वहीं नरसिंहगढ़ में स्थित जिले की इकलौती मल्टीनेशनल सीमेंट फैक्ट्री माइसेम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन में गति लाने के लिए आधुनिक संसाधनों को एसडीआरएफकी सहायता के लिए उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई .जिसमें क्रेन बैटरी लाइट के साथ साथ मौके पर फैक्ट्री द्वारा सुरक्षा विभाग के जवान सेफ्टी विभाग का स्टॉफरेस्क्यू ऑपरेशन तक मौके पर मुस्तैद रहा और प्रशासन के साथ साथ फैक्ट्री द्वारा उपलब्ध कराए गए. इन्हीं संसाधनों की वजह से ही एसडीआरएफकी टीम को महज 5 घंटे में ही नदी से कार को बाहर निकालने में सफलता मिली. फैक्ट्री द्वारा संकट की घड़ी में मानवीय कार्य के आगे आना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और स्थानीय लोग इस कार्य की सराहना कर रहे है.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत,बेलाताल के समीप मिला शव



नवभारत,दमोह .कोतवाली थाना क्षेत्र के बेलाताल के समीप मंगलवार रात एक वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई.बुधवार सुबह शव सड़क किनारे पड़ा मिला पुलिस को सूचना मिली .जिसके बाद शव जिला अस्पताल लाया गया .शिनाख्त होने के बाद परिजनों को सूचित किया गया .पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है .जानकारी देते हुए कोतवाली से एसआई सियाराम सिंह ने बताया की प्रेम प्रकाश अग्रवाल द्वारा कंट्रोल रूम को सूचना दी गई थी कि बेलाताल के समीप एक वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है .जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंची शव को जिला अस्पताल लाया गया. युवक की शिनाख्त 53 वर्षीय नासिर शाह पिता पीर अली निवासी गढ़ी मोहल्ला के रूप में हुई है .शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है. युवक के साथ घटना कैसे हुई इसके बारे में परिजनों को भी कोई जानकारी नहीं है. उन्होंने बताया कि वह रात में बेटे के घर आने का इंतजार करते रहे और सुबह सूचना मिली कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई है.

नोहलेश्वर महोत्सव



## दमोह में प्रदान संस्था द्वारा लगाए गए प्रदर्शन स्टॉल का किया अवलोकन

**नवभारत,दमोह.**नोहलेश्वर महोत्सव व किसान सम्मेलन के दौरान आयोजित विकास प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदान संस्था द्वारा लगाए गए प्रदर्शन स्टॉल का अवलोकन किया.मुख्यमंत्री ने विभागीय समन्वय से संचालित महिला सशक्तिकरण व आजीविका गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली और मॉडल की खुलकर प्रशंसा की.महिला शक्ति के नेतृत्व में चल रही ये पहलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं. विभागीय तकनीकी सहयोग से दमोह आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है.इस अवसर पर प्रदान टीम से राकेश,राहुल, निरंजन व भगवानदास उपस्थित रहे.बजरंग दुग्ध उत्पादक महिला समूह की सक्रिय सहभागिता रही.जिसमें कमला, रोशनी, वेदिका, रामदुलारी व मीना दीदी भी उपस्थित रहीं. कार्यक्रम में कमिश्नर, जिला कलेक्टर,एडीशनल कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, पशुपालन मंत्री व संस्कृति मंत्री ने भी स्टॉल का अवलोकन कर गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की.

## कक्षा आठवीं और पाचवी की परीक्षा को लेकर बिंदुवार चर्चा



**कुम्हारी । शासकीय विद्यालय कुम्हारी में बोर्ड पैटर्न परीक्षा में कक्षा आठवीं और पांचवी आयोजित होना है जिसमें प्रभारी प्राचार्य हरिशंकर लोधी,जन शिक्षक श्यामलाल पटेल सहयोगी शिक्षक प्रभारी परीक्षा सहित जन शिक्षा केंद्र पटेरिया उपस्थित रहे कुम्हारी अंतर्गत 6 केंद्र बनाए गए हैं पटेरिया अंतर्गत 6 केंद्र बनाए गए हैं जहां कक्षा आठवीं में 433 छात्र पांचवी में 456 छात्र वही पटेरिया जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत प्राथमिक 43 छात्र कक्षा पांचवी के माध्यमिक कक्षा आठवीं के 275 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे बोर्ड के आधार पर ही परीक्षाओं का संचालन होना है।**बहुत ही सावधानी से परीक्षाओं में ध्यान रखते हुए परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमित ना हो इस चीज का विशेष ध्यान रखना है शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित करने का सभी को आवश्यक रूप से प्रयास करना होगा। परीक्षा में तैनात प्रभारी सगोनी में सुरेंद्र मेहरा,पटेरिया माध्यमिक में अरविंद लखेरा, मझगुवा हंसराज श्रीपाल झरिया, कुम्हारी में संजीव जैन,हेमराज नेताम,सलैया में विनोद सींग, देवरीरतन में बी एस लोधी, हिनोती में शैलेंद्र अहिरवाल, इमलिया में विमल चौधरी,पटना में फूल सिंह केंद्र अध्यक्ष के रूप में बोर्ड परीक्षाओं का संचालन करेंगे ।

### एमपी बोर्ड परीक्षा के उपाध्यक्ष पहुंचे, परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



नवभारत,दमोह.माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव के द्वारा बुधवार को दमोह के परीक्षा केंद्रों व परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया.साथ में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा व जिला परीक्षा प्रभारी मनीष कुमार नेमा साथ में रहे. बता दें कि मंडल उपाध्यक्ष ने सर्वप्रथम जेपीबी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया. इस उपरांत उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कंट्रोल रूम व परीक्षा केंद्र, सरस्वती स्कूल दमोह, बांसा तारखेडा व शासकीय हायर सेकेंडरी कुमेरिया का भी निरिक्षण किया.

## वार्षिक महोत्सव के मौके पर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

नवभारत,दमोह। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.अठया ने बताया कि दमोह जिले के फ़ोहपुर स्थित देवश्री रामकौमार सरकार अजवधाम में मंगलवार को जै-जै सरकार वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत अजब श्री सेवा समिति व शिष्य परिकर के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सायं 05.00 बजे तक 121 यूनिट रक्त एकत्रण किया जा चुका है, शिविर अनवरत जारी है शिविर का शुभारंभ महंत छोटे सरकार श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महंत जी ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी को मानव सेवा के इस कार्य में सहभागी बनने का संदेश दिया शिविर में जिला स्तर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने विशेष रूप से सहभागिता की तथा आयोजन स्थल पर पहुचकर रक्तदान प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं का अवलोकनकिया।इस दौरान सी.बी. एम.ओ. हटा डॉ.यू.एस.पटेल मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पहुंचे जनसंपर्क अधिकारी

### ग्राम खैरी सिंगोरगढ़ में छात्राओं को बताए सफलता के मूल मंत्र



**नवभारत,जबेरा/दमोह. जबेरा शासकीय महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खैरी सिंगोरगढ़ में किया जा रहा है.शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आधारित है.शिविर में दैनिक प्रार्थना,प्राणायाम ( योगासन ) नाश्ता, परियोजना कार्य, भोजन व्यवस्था इसके उपरांत बौद्धिक सत्र के साथ ग्राम से संपर्क, ग्रामीण खेलकूद, सांस्कृतिक संध्या आदि आयोजित की जाती है.** शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी वाई ए कुरैशी पहुंचे.उन्होंने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए जीवन में सफल होने के लिए तीन मूल मंत्र बतलाएं.उन्होंने बताया कि हमारे जीवन शैली किस प्रकार की होनी चाहिए,समय का हमारे जीवन में क्या महत्व है क्योंकि सभी को बराबर एक सा समय मिलता है सभी के पास 24 घंटे होते हैं.यह समय का किस प्रकार से उपयोग करते हैं.वहीं समय उनकी सफलता निर्भर करती है.इसके साथ उन्होंने बताया कि किस प्रकार से सकारात्मक सोच रखना चाहिए। सभी एक सपना देखते हैं उसे हमें पूर्ण करने के लिए लगन से एकाग्र होकर मेहनत करनी चाहिए.हमेशा माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए.इसके साथ ही उन्होंने होम्योपैथिक दवा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी.अपने दैनिक जीवन में अनुभव किया उदाहरण के माध्यम से रोचक तरीके से छात्राओं को मोटिवेट किया इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमें सोशल मीडिया से दूर रहना है क्योंकि वर्तमान में एआई को जमाना है.इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग से आए सुरेंद्र राज ने आयुष्मान कार्ड योजना, पोषण के बारे में,मानसिक स्वास्थ्य,नशा के दुरुपयोग के साथ शासकीय योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में पीजी कॉलेज की जितेंद्र अहिरवाल के द्वारा सामाजिक कुरीतियों पर विचार व्यक्त किया।



## स्टेट बैंक ने बीमा दुर्घटना दावा का किया निपटान

नवभारत,दमोह. स्टेट बैंक मुख्य शाखा ने पुलिस वेतन पैकेज के अंतर्गत स्वर्गीय आरक्षक प्रदीप रैकवार के आकस्मिक निधन पर उनके नामिती को 1 करोड़ (एक करोड़ रुपये) की दुर्घटना बीमा दावा राशि का भुगतान किया।स्वर्गीय प्रदीप रैकवार,जो कि रनेह थाना में पदस्थ थे, का कुछ माह पूर्व एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था।उनके आकस्मिक निधन के पश्चात बैंक द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दमोह में दावा राशि उनकी माताश्री श्रीमती सावित्री रैकवार को प्रदान की गई।यह राशि पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया की उपस्थिति में प्रदान की गई।

## संगठन सृजन अभियान के तहत बनाई गई बूथ कमेटियां

**नवभारत,दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा दमोह विधानसभा को ग्राम पंचायतो सिहोरा पड़रिया, बॉसा बॉसनी, राजा पटना, परसोरिया, इमलियाघाट, मनका का दौरा कर पंचायत स्तर पर बूथ कमेटिया नियुक्त की गई। बूथ कमेटिया नियुक्त करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बूथ कमेटियो में प्रत्येक वर्ग पिछड़ा दलित आदिवासी सामान्य वर्ग की सदस्यता करवाकर उन्हें कमेटियों में प्राथमिकता से रखा गया है और उनका प्रयास है कि महिलाओ की भागेदारी भी अधिक से अधिक की जायें। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, अमर सींग बांसा सरपंच रोहन पाठक ने भी कहा कि भाजपा जनहितैषी योजनाओ का प्रचार प्रसार तो जमकर करती है किंतु जमीनी हकीकत यह है कि आम आदमी को रोजगार के लिये पलायन पूरे परिवार के साथ करना पड़ता है जिससे उनके बच्चे शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पाते .

# बस स्टैंड पर विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

### विद्युत कर्मचारी की सूझबूझ से आग पर पाया काबू



**नवभारत,जबेरा/दमोह.**जबेरा नगर स्थित बस स्टैंड पर विद्युत विभाग की डीपी ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग बढ़ती जा रही थी. स्थानीय लोगों द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी.विद्युत विभाग के अभियंता एमके महतो के निर्देशन में विद्युत विभाग के कर्मचारी संदीप पटेल, देवेंद्र ठाकुर व स्थानीय युवक गौरव यादव की सूझबूझ व प्रयास से आग पर काबू पाया गया. नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी.जानकारी देते हुए कनिष्ठ अभियंता एम के महतो ने बताया कि बस स्टैंड पर वर्तमान में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो कि ओवरलोड व स्पार्किंग के कारण जल गया.वरिष्ठ अधिकारियों से कहकर अतिरिक्त 100 केवीए का ट्रांसफार्मर और रखवाया जा रहा है. ताकि लोड डायवर्ट हो सके.वहीं आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर मैं व मेरा स्टाफपहुंचा था, आग पर काबू पा लिया गया है.




## राष्ट्रीय एकता शिविर में ईशा राज का चयन

**नवभारत,दमोह.** 20 फरवरी 2026 से हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए टाईम्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई-2की स्वयंसेवक ईशा राज का चयन इस शिविर के लिए हुआ। इस शिविर में देश के सभी प्रदेशों से स्वयं सेवक अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देंगे.

## माहू के प्रकोप से फसलों का संरक्षण



**नवभारत, दमोह.** डॉ.द्वारका, कीटशास्त्र विभाग,कृषि महाविद्यालय, पन्ना के अनुसार माहू कीट विभिन्न फसलों में पाया जाने वाला एक अत्यंत हानि कारक रस-चूसक कीट है,जो बहुभक्षी प्रकृति का होता है जोकि सरसों, तोरी, राई,कैनोला, गोभी,पत्तागोभी, फूलगोभी, मूली,शलजम, गेहूँ, जौ, मक्का, चना, मसूर, मटर,अरहर, सोयाबीन, कपास, सूरजमुखी, आलू, टमाटर, बैंगन, मिर्च, भिंडी, लौकी, कद्दू, तरबूज, खरबूज, प्याज, लहसुन तथा धनिया के अतिरिक्त आम, अमरूद, नींबू,पपीता, अंगूर जैसे फलदार पौधे, गुलाब, गेंदे की प्रजातियाँ,सजावटी पौधे तथा कई जंगली खरपतवार जैसे बथुआ, चौलाई, हिरनखुरी, सनई, कुसुम आदि भी वैकल्पिक पोषक पौधे के रूप में कार्य करते हैं। यही कारण है कि यह कीट वर्ष भर अलग-अलग फसलों और खरपतवारों पर जीवित रहकर तेजी से फैलता है और अनुकूल मौसम (ठंडा व शुष्क वातावरण) में इसकी संख्या अचानक बढ़ जाती है। और समय रहते नियंत्रण न होने पर उपज में भारी गिरावट ला सकता है।डॉ. द्वारका के साथ किसान रूपेंद्र सिंह लोधी व साहब सिंह लोधी द्वारा देखने पर फसलों की कोमल पत्तियों, टहनियों और पुष्पक्रमों पर छोटे-छोटे, नाशपाती आकार के, हरे, काले, भूरे या पीले रंग के झुंड के रूप में दिखाई दिए, जो अक्सर पत्तियों के नीचे की सतह पर चिपके हुए थे तथा मीठा चिपचिपा द्रव, हनीड्यू, स्रावित, जिस पर बाद में काली फफूंद, सूटी मोल्ड, विकसित थी। व पत्तियों का मुड़ना, पीला पड़ना, पौधों की वृद्धि रुकना, कलियों व फूलों का झड़ना, दानों का ठीक से न भरना तथा पौधों का कमजोर होना शामिल था।



## लीनेस मैत्री क्लब की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**नवभारत,दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने भारतीय नारी के विविध रूपों को मंच पर जीवंत प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।पूरे आयोजन में तालियों की गूंज, उत्साह और सराहना का वातावरण बना रहा।इस प्रति योगिता की विशेषता रही कि प्रतिभागियों ने समाज, इतिहास, राजनीति और कला जगत की प्रसिद्ध महिलाओं के किरदारों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच पर जब फूलन देवी का साहसी और संघर्षशील रूप सामने आया तो दर्शक भावुक हो उठे। वहीं मंजुलिका के रहस्यमयी और दमदार अभिनय ने सभी को रोमांचित कर दिया।फिल्मी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्रियों जैसे अनुष्का शर्मा, मुमताज, साधना,रेखा,दिव्या भारती, जयाप्रदा एवं माधुरी दीक्षित के लोकप्रिय गीतों और अंदाज की प्रस्तुति ने पूरे मंच को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। राजनीतिक क्षेत्र की सशक्त हस्तियों के रूप में स्मृति ईरानी,जे.जयललिता व कंगना रनौत के किरदारों ने भी दर्शकों को खूब प्रभावित किया। समाज सुधार और भक्ति परंपरा की महान नारियों जैसे सावित्रीबाई फुले और मीराबाई के प्रेरणा दायक रूपों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया।

स्वागत | **जिला प्रभारी का प्रथम आगमन**

# भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी सिंह का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत



**नवभारत,दमोह। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री व संगठन दृष्टि से जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह के प्रथम दमोह आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल नगर मंडल व दमयंती मंडल द्वारा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में तथा दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया मोनू एवं दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी के नेतृत्व में उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया।** हटा नाका पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं व जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला मंत्री कपिल शुक्ला, प्रमोद विश्वकर्मा,नगर मंडल महामंत्री अरूण सोनी,महेंद्र अहिरवार, मनीष सोनी,आशीष राय, राहुल पाठक, विकास जैन,राहुल ताम्रकार,मुकेश खरे,अनिल सैनी,अखिलेश सिंह,श्याम विश्वकर्मा, वेदप्रकाश दुबे, अखिलेश चौबे,अमर सिंह, जुगल अग्रवाल,बृजेंद्र अहिरवार, आदित्य सिरोठिया, पियूष नामदेव,संदीप सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर आगमन पर स्वागत

बटियागढ़ नगर में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री व दमोह जिला संगठन प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह जी के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया .उनके आगमन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला. प्रमुख चौराहो व स्थानों पर स्वागत द्वार, पोस्टर व बैनर लगाए गए, जिला बैठक के पूर्व बटियागढ में मंडल बैठक में शामिल हुई व कार्यकत्ताओं ने स्वागत किया .जिनमें वरिष्ठ नेतृत्व व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के चित्र आकर्षण का केंद्र रहे.






## ली संगठनात्मक बैठक

भाजपा की प्रदेश मंत्री व दमोह जिला संगठन प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह के दमोह जिला प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई .बैठक में जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह,जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, अरूण तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर मंचासीन रहे .बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. जिला पदाधिकारी गण व सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जिला प्रभारी का स्वागत किया .श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि सशक्त संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है .प्रत्येक बूथ को सुदृढ़ करना, संगठन के करणीय कार्य, बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन,राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित बजाज, संजय यादव,मनीष तिवारी, करन सिंह लोधी,श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भरत यादव, रानू नामदेव, भारत सिंह,श्रीमती सुधा सेन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल सह प्रभारी दिलीप चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद रिजवी,किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल,पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोला सराफ आईटी सेल संयोजक रिंकू गोस्वामी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप शर्मा सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जनप्रतिनिधि गण,पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही.

## राजेश कुमार जैन का निधन

**नवभारत,दमोह।** साई टोला भदौली में पदस्थ शिक्षक राजेश कुमार जैन का लंबी बीमारी के चलते 44 वर्ष अल्पआयु में दुखद निधन हो गया। जिसका अंमित संस्कार 19 फरवरी 2026 को ग्राम भदौली में किया जायेगा।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता अनसुइया असाटी पति स्व. कैलाश चंद असाटी निवासी सिविल वार्ड नम्बर 05, राजीव गांधी कॉलोनी, दमोह तहसील व जिला दमोह म.प्र. श्रीमान के समक्ष शपथ पूर्वक कथन करती हूँ:- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करती हूँ। 2. यह कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक-H9544802 में मेरा नाम ANSUYA BAI ASATI लिखा है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम ANASUIYA ASATI लिखा है। सभी लोग मुझे इसी नाम से जानते व पहचानते है। 4. यह कि भविष्य में मेरे सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम ANASUIYA ASATI ही मान्य होगा। 5. जरिया इस शपथ-पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पासपोर्ट में मैं अपना नाम ANSUYA BAI ASATI के स्थान पर संशोधित कर ANASUIYA ASATI लेख करवा रहीं हूँ।

**शपथकर्ता**

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता मायाबाई पति स्व. बालचंद्र चक्रवर्ती उम्र 46 वर्ष निवासी- वार्ड नं. 9 हिण्डोरिया तह. व जिला दमोह म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ :- 1. यह कि मै श्रीमति मायाबाई पत्नि स्व. नायक बालचंद्र चक्रवर्ती आर्मी नं. 15135721K ग्राम हिण्डोरिया की निवासी हूँ। मेरे पति आर्मी नं. 15135721K स्व. नायक बालचंद्र 1 दिसम्बर 2014 में भारतीय सेना से सेवा निवृत्त हुये थे, तथा 25/04/2021 को उनका स्वर्गवास हो गया। 2. यह कि मेरी एक पुत्री है, जिसका नाम गायत्री चक्रवर्ती (GAYATRI CHAKRAWARTI) और जन्म तिथि 02/07/2000 है मेरी पुत्री का यही नाम व जन्म तिथि सही है जो उसके आधार कार्ड एंव मार्कशीट में दर्ज है। 3 यह कि मेरी पुत्री का मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में GAYATRI और जन्म तिथि 10/12/1999 दर्ज है, जो गलत है। अत: आज से मेरी पुत्री को उसके सही नाम GAYATRI CHAKRAWARTI और जन्म तिथि 02/07/2000 को सही माना जावे और मेरे पति के सर्विस रिकार्ड मे यहीं लिखा जावे।

**शपथकर्ता**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म.प्र.)

-: **निविदा सूचना** :-

क्र/न.पा./2026/3751 | दमोह, दिनांक 16/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_482957_1 | पुराना बाजार नं. 02 मे विभिन्न स्थानों पर नाला निर्माण कार्य | Rs. 32.72 लाख | 5000/- 24700/-रु | 18/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_482971_1 | पुराना बाजार नं. 02 मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | Rs. 16.95 लाख | 2000/- 13000/-रु | 18/03/2026 |
| 3. | 2026_UAD_482976_1 | बजरिया वार्ड नं. 06 मे आर सी सी नाली निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | Rs. 13.84 लाख | 2000/- 10500/-रु | 05/03/2026 |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दमोह**